आईटीआई लिमिटेड की 71वीं वार्षिक सामान्य बैठक का आयोजन

आईटीआई लिमिटेड ने बुधवार 10 नवंबर, 2021 को अपने निगमित कार्यालय, आईटीआई भवन, बेंगलूरु से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कंपनी के सदस्यों हेतु 71वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) की मेजबानी की। आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री आर एम अग्रवाल ने निदेशक (वित्त), श्री राजीव श्रीवास्तव, निदेशक (विपणन), श्री राकेश चंद्र तिवारी, सांविधिक लेखा परीक्षक, श्री वी माधवन और कंपनी सचिव, श्रीमती एस शनमुगा प्रिया की उपस्थिति में कंपनी के शेयरधारकों को संबोधित किया ।



वार्षिक सामान्य बैठक में श्री डी वेंकटेश्वरलू, निदेशक (उत्पादन), डॉ राजेश शर्मा, डीडीजी-एसयू, सरकारी निदेशक (भारत सरकार के अधिकृत प्रतिनिधि), श्रीमती नेत्रप्रभा एम दयाफुले, कर्नाटक राज्यपाल के अधिकृत प्रतिनिधि और 71वीं वार्षिक सामान्य बैठक के संवीक्षक, श्री दसारी वेंकटेश्वरलू, ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया ।

इस अवसर पर श्री आर एम अग्रवाल ने कंपनी के प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला । वार्षिक सामान्य बैठक के दौरान, कंपनी के प्रदर्शन के संबंध में सदस्यों के विभिन्न प्रश्नों पर भी प्रकाश डाला गया ।